The company has innovated a vehicle tracking system for tracking mobile vehicles over long distances and on the highways. The system involves deployment of a device on each mobile vehicle and a unit located at an identified command centre. The unit at each mobile vehicle shall comprise a GSM communication engine for transmitting and receiving signals and controlled by a micro-processor with an embedded software. As large amounts of inventories are transported across states, these can be effectively tracked and can result in improved asset utilization.

The total cost of the project is Rs. 216.56 lakhs. TDB has agreed to provide a loan assistance of Rs. 72 lakhs. The company

है । कंपनी ने फरवरी, 2003 में टीडीबी के साथ एक ऋण करार पर हस्ताक्षर किए । कंपनी ने परियोजना दिसम्बर, 2003 में पूरी कर ली । कंपनी ने बेड़ा मालिकों के लिए सस्ती वास्तविक समय ट्रक पता लगाने की सुविधा प्रदान करने के लिए कुछेक ग्राहकों के साथ तालमेल कायम किया है ।

signed the loan agreement with TDB in February 2003. The company completed the project in December 2003. The company has tied up with a few customers for providing a low-cost real-time truck tracking facility for fleet owners.

रद्द हुआ समझौता

ग्रीन्स इंडिया नेचुरल प्राडक्ट्स लिमिटेड, मुम्बई ने स्पिरुलिना से फाइकोसायनिन का प्रायोगिक पैमाने पर उत्पादन करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। परियोजना की कुल लागत 415 लाख रुपए थी । कंपनी द्वारा 11 सितम्बर, 2002 को हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत टीडीबी 155 लाख रुपए का ऋण देने के लिए सहमत हो गया था । परियोजना सितम्बर, 2003 में पूरी होनी थी । चूंकि प्रवर्तक परियोजना के लिए शेष निधियों की व्यवस्था नहीं कर सका इसलिए टीडीबी ने कोई राशि जारी किए बिना, 20 अक्तूबर, 2003 को समझौता रद्द कर दिया ।

Agreement cancelled

Greens India Natural Products Limited, Madurai, had submitted a proposal for pilot scale production of Phycocyanin from Spirulina. The total cost of the project was Rs. 415 lakhs. TDB had agreed to provide a loan of Rs. 155 lakhs under an agreement signed by the company on 11th September 2002. The project was due for completion in September 2003. As the promoter could not tie up the balance funds for the project, TDB cancelled the agreement on 20th October 2003 without releasing any amount.

परियोजना प्रस्तावों की जाँच-पड़ताल
Processing of Project Proposals

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) से वित्तीय सहायता चाहने वाली औद्योगिक इकाई को, जब भी वह आवेदन करना चाहे, निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, क्योंकि टीडीबी पूरे वर्ष आवेदन-पत्र प्राप्त करता है । प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड से वित्तीय सहायता के वास्ते आवेदन-पत्र का प्रारूप व अन्य विवरण 'परियोजना वित्तपोषण मार्गनिर्देश' नामक एक पुस्तिका में उपलब्ध है जिसे टीडीबी द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है । बोर्ड द्वारा 30 सितम्बर, 2003 को रामा राव समिति की सिफारिश स्वीकार कर लिए जाने के पश्चात आवेदन-पत्र के प्रारूप को संशोधित किया गया ।

वर्ष 2003-04 के दौरान टीडीबी को 605.65 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत के साथ 55 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए (जिनमें से तीन चल रही परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त ऋण सहायता के वास्ते थे), जिनमें टीडीबी से वित्तीय सहायता के रूप में 185.76 करोड़ रुपए की माँग करने वाले आवेदन सम्मिलित हैं।

Any industrial concern seeking financial assistance from the Technology Development Board should submit the application in a prescribed format whenever it wants to apply as TDB receives the application throughout the year. The format of application seeking financial assistance from Technology Development Board and other details are available in a brochure titled 'Project Funding Guidelines' which is made available free of cost by TDB. The format of application form was revised consequent upon the acceptance of the recommendation of the Rama Rao Committee by the Board on 30th September 2003.

During the year 2003-04, TDB received 55 applications (including 3 for additional loan assistance on on-going projects) with a total project cost of Rs. 605.65 crore including Rs. 185.76 crore sought as financial assistance from TDB.

क्षेत्रक-वार प्राप्त आवेदन-पत्र

वित्तीय सहायता चाहने वाले आवेदन-पत्र विविध क्षेत्रकों से संबंधित थे । आवेदन-पत्र प्राप्ति का क्षेत्रकवार विश्लेषण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

Applications Received Sector-wise

The applications seeking financial assistance cover a wide spectrum. The sector-wise analysis of receipt of applications is given in the table below.

क्षेत्रक-वार प्राप्त वित्तीय सहायतार्थ आवेदन-पत्र
Applications for Financial Assistance Received Sector-wise (2003-2004)

(करोड़ रुपए) (Rupees in crore)

क्षेत्रक Sector	आवेदन-पत्रों की संख्या Number of applications	अनुमानित कुल लागत Estimated Total cost	टीडीबी से चाही गई सहायता Assistance sought from TDB
इंजीनियरिंग Engineering	18	158.84	47.02
स्वास्थ्य और मेडिकल Health & Medical	12	117.54	43.00
कृषि Agriculture	10	50.05	15.58
सूचना प्रौद्योगिकी Information Technology	4	32.31	20.05
सड़क परिवहन Road Transport	3	160.10	23.36
दूर-संचार Telecommunication	3	53.23	21.46
अपशिष्ट उपयोग Waste Utilisation	3	20.85	9.05
रसायन Chemicals	2	12.73	6.24
जोड़ Total	55	605.65	185.76

आवेदनकर्ताओं का विवरण

टीडीबी को वर्ष 2003-04 के दौरान प्राइवेट लि0 कंपनियों, सार्वजनिक लि0 कंपनियों आदि से आवेदन प्राप्त हुए जैसाकि निम्न तालिका से देखा जा सकता है ।

Profile of Applicants

TDB received applications from private limited companies, public limited companies, etc., during the year 2003-04, as may be seen from the table given below.

आवेदकर्ताओं का विवरण
Profile of Applicants
(2003-2004)

(करोड रुपए) (Rupees in crore)

क्षेत्रक Sector	आवेदन-पत्रों की संख्या Number of applications	अनुमानित कुल लागत Estimated Total cost	टीडीबी से चाही गई सहायता Assistance sought from TDB
प्राइवेट लि0 कंपनियाँ Private limited companies	22	297.08	98.48
सार्वजनिक लि0 कंपनियाँ जिनमें समझी जाने वाली निकटत: धारित कंपनियाँ शामिल हैं Public limited companies including deemed closely held companies	22	290.18	80.60
भागीदारियाँ Partnerships	3	6.23	2.88
पंजीकृत सोसायटियाँ Registered society	1	0.26	0.21
व्यक्तिगत Individuals	7	11.90	3.59
जोड **Total**	**55**	**605.65**	**185.76**

राज्यवार प्राप्त आवेदन-पत्र

निम्नलिखित तालिका में आवेदनकर्ताओं के पंजीकृत कार्यालय और स्थान के आधार पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से वर्ष 2003-04 में प्राप्त आवेदनों का विवरण दिया गया है।

Applications Received State-wise

The following table indicates applications received in 2003-04 from various States / Union Territories, based on the location of the registered office of the applicants.

प्राप्त आवेदनों का राज्य-वार विश्लेषण
State-wise Analysis of Applications Received (2003-2004)

(करोड़ रुपए) (Rupees in crore)

क्र.सं. No	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र State/Union Territory		आवेदनों की संख्या Number of applications	अनुमानित कुल लागत Estimated Total cost	टीडीबी से मांगी गई सहायता Assistance sought from TDB
1	आंध्र प्रदेश	Andhra Pradesh	15	304.40	73.15
2	चंडीगढ़	Chandigarh	2	3.00	0.15
3	छत्तीसगढ़	Chattisgarh	1	6.41	4.78
4	दिल्ली	Delhi	2	25.38	9.35
5	गुजरात	Gujarat	3	4.25	2.67
6	हरियाणा	Haryana	1	1.00	0.60
7	कर्नाटक	Karnataka	8	146.45	40.32
8	केरल	Kerala	1	6.50	5.75
9	महाराष्ट्र	Maharshtra	9	27.10	12.79
10	पंजाब	Punjab	2	10.51	5.00
11	राजस्थान	Rajasthan	1	2.38	1.11
12	तमिलनाडु	Tamil Nadu	7	45.75	17.11
13	उत्तर प्रदेश	Uttar Pradesh	3	22.52	12.98
	जोड़	**Total**	**55**	**605.65**	**185.76**

आवेदनों की प्रारंभ जाँच

वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों की जाँच प्रारंभिक जाँच समिति (आईएससी) द्वारा इस दृष्टि से की जाती है कि क्या आवेदन पत्र पूर्ण हैं, परियोजना का क्या उद्देश्य है, प्रौद्योगिकी की क्या स्थिति है आदि । ऐसी जाँच में आवेदक तथा प्रौद्योगिकी की प्रदाता के साथ आरंभिक चर्चाएँ शामिल हैं जो अपूर्ण जानकारी/विवरण अथवा प्रस्तुतीकरण प्राप्त करने के अतिरिक्त है । यदि आवेदन-पत्र टीडीबी के वित्तीय सहायतार्थ निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते तो उसकी जानकारी आवेदक को दी जाती है ।

जिन व्यक्तियों ने आवेदन-पत्रों की प्रारंभिक जाँच में मदद की उनकी सूची इस रिपोर्ट के साथ नत्थी है । टीडीबी उनका आभारी है ।

Initial Screening of Applications

The Initial Screening Committee (ISC) examines the application received for financial assistance, from the point of view of completeness of the application, objective of the project, status of the technology, etc. Such screening may include preliminary discussions with the applicant and technology provider besides calling for wanting information/details or presentation. If the application is not meeting the criteria prescribed for TDB's financial assistance, the applicant is advised accordingly.

A list of persons who assisted in the initial screening of applications is appended to this report. TDB is thankful to them.

परियोजना मूल्याँकन

आईएससी की सिफारिशों के आधार पर आवेदन-पत्र को परियोजना मूल्याँकन समिति (पीईसी) को भेजा जाता है । पीईसी का गठन परियोजना की प्रकृति को ध्यान में रखे हुए प्रत्येक परियोजना के लिए विशिष्ट रूप से किया जाता है और इसमें परियोजना के एक स्वतंत्र मूल्याँकन के लिए बाहर से संबंधित क्षेत्र से विशेषज्ञ (वैज्ञानिक, तकनीकी और वित्तीय) सम्मिलित होते हैं ।

विशेषज्ञ (सेवारत अथवा सेवानिवृत्त), सरकारी विभागों, आर. एंड डी. संगठनों, अकादमिक संस्थाओं, उद्योग, उद्योग एसोसिएशनों और वित्तीय संस्थानों से जुड़े होते हैं । पीईसी परियोजना स्थल का दौरा करती है । आवेदनकर्ता को, प्रौद्योगिकी प्रदाता के साथ-साथ एक विस्तृत तकनीकी, वित्तीय और वाणिज्यिक प्रस्तुतीकरण करने का पूरा अवसर दिया जाता है ।

Project Evaluation

Based on the recommendations of the ISC, the application is referred to the Project Evaluation Committee (PEC). The PEC is constituted specifically for each project keeping in view the nature of the project and consists of experts (scientific, technical and financial) in the relevant field from outside for an independent evaluation of the project.

The experts (serving or retired) belong to government departments, R&D organizations, academic institutions, industry, industry associations and financial institutions. The PEC visits the project site. The applicant is given full opportunity to give a detailed technical, financial and commercial presentation along with the technology provider.

मूल्याँकन मापदंड

आवेदन-पत्र का उसके वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, वाणिज्यिक तथा वित्तीय गुणावगुणों की दृष्टि से मूल्यांकन किया जाता है । मूल्याँकन मापदंड में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

- सुदृढ़ता, वैज्ञानिक गुणवत्ता और प्रौद्योगिकीय गुणावगुण
- व्यापक प्रयोग की संभाव्यता तथा वाणिज्यिक से प्राप्त होने वाले अपेक्षित लाभ
- प्रस्तावित प्रयास की पर्याप्तता
- प्रस्तावित कार्रवाई नेटवर्क में आर. एंड डी. संस्थानों की समर्थता
- उद्यम की संगठनात्मक तथा वाणिज्यिक क्षमता, जिसमें उसके आंतरिक अर्जन शामिल हैं ।
- प्रस्तावित लागत और वित्तीय पद्धति की उपयुक्तता
- मापयोग्य उद्देश्य, लक्ष्य और माइलस्टोन
- उद्यमकर्ता का पिछला कार्य रिकार्ड

(बोर्ड द्वारा 30 सितम्बर, 2003 को रामा राव समिति की सिफारिश स्वीकार किए जाने पर इन्हें संशोधित किया गया)

Evaluation Criteria

The application is evaluated for its scientific, technological, commercial and financial merits. The evaluation criteria include:

- Soundness, scientific quality and technological merit
- Potential for wide application and the benefits expected to accrue from commercialisation
- Adequacy of the proposed effort
- Capability of the R&D institution(s) in the proposed action network
- Organisational and commercial capability of the enterprise including its internal accruals
- Reasonableness of the proposed cost and financing pattern
- Measurable objectives, targets and milestones.
- Track record of the entrepreneur

(These were revised consequent upon the acceptance of the recommendation of the Rama Rao Committee by the Board on 30th September 2003.)

विश्वसनीयता तथा पारदर्शिता

टीडीबी इस बात को स्वीकार करता है कि गोपनीयता बनाए रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव एक वाणिज्यिक प्रस्ताव है । जिन मामलों में आवेदक यह कहता है कि टीडीबी को उपलब्ध कराई गई कुछ जानकारी विशुद्धतः गोपनीय समझी जानी चाहिए, उसे परियोजना मूल्यांकन समिति के विशेषज्ञों के बीच परिचालित नहीं किया जाता । प्रक्रियाओं के संबंध में कतिपय महत्वपूर्ण जानकारी प्रकट करने में आवेदक की आशंकाओं की संवेदनशीलता का पीईसी सम्मान करती है ।

अंत में, टिप्पणियों और सिफारिशों को पीईसी द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है । पीईसी की टिप्पणियों और सुझावों को, बैठक के अंत में आवेदक को मौखिक रूप से संप्रेषित कर दिया जाता है । पीईसी द्वारा परियोजना प्रस्ताव की सिफारिश न किए जाने पर आवेदन-पत्र को, आवेदक को सूचित करते हुए, बंद कर दिया जाता है ।

Confidentiality and Transparency

TDB recognizes that it is important to maintain confidentiality, as each proposal is a commercial proposal. Where the applicant mentions that some of the information provided to TDB has to be treated as strictly confidential, it is not circulated to the experts of the Project Evaluation Committee. The PEC respects the sensibility of the applicant's apprehensions in disclosing certain vital information on the processes.

At the end, the observations and recommendations are finalised by PEC. The observations and suggestions of the PEC are communicated orally to the applicant at the end of the meeting. If the project proposal is not recommended by PEC, the application is closed under intimation to the applicant.

पीईसी की बैठकें

वर्ष 2003-04 के दौरान परियोजना मूल्यांकन समितियों (पीईसी) की 24 बैठकें हुई।

वित्तीय सहायता का अनुमोदन

वित्तीय सहायतार्थ पीईसी द्वारा सिफारिश किए गए परियोजना प्रस्तावों पर बोर्ड की एक उप-समिति अथवा स्वयं बोर्ड द्वारा और आगे विचार किया जाता है ।

मानीटरन तथा समीक्षा

टीडीबी, लाभभोगियों को अनुमोदित सहायता किस्तों में जारी करता है, जो जोखिम सम्बद्ध माइलस्टोन पर आधारित होती है । दूसरी तथा और आगे की किस्तों का जारी किया जाना, अनुमोदित प्रत्येक परियोजना के लिए गठित परियोजना मानीटरन समिति (पीएमसी) की सिफारिशों पर निर्भर करता है । पीएमसी में अनिवार्यतः एक वैज्ञानिक/तकनीकी विशेषज्ञ सम्मिलित होता है जो परियोजना के मूल्यॉकन के समय पीईसी का एक सदस्य था ।

Meetings of the PEC

During the year 2003-04, the Project Evaluation Committees (PEC) had 24 meetings.

Approval of Financial Assistance

The project proposals recommended by PEC for financial assistance are further considered by a sub-committee of the Board or by the Board itself.

Monitoring and Review

TDB releases the approved assistance to the beneficiaries in instalments, based on risk associated milestones. The second and subsequent release of instalments depend upon the recommendations of a Project Monitoring Committee (PMC) constituted for each of the approved project. The PMC invariably consists of a scientific/technical expert who was a member of the PEC at the time of evaluation of the project.

वर्ष 2003-04 के दौरान टीडीबी ने, परियोजना मानीटरन समितियों, समीक्षा बैठकों और निरीक्षणों के माध्यम से 24 बैठकें आयोजित की ।

During the year 2003-04, TDB organised 24 meetings through Project Monitoring Committees, Review meetings and inspections.

उन विशेषज्ञों की सूची जिन्होंने पीईसी और पीएमसी की सहायता की

परियोजना प्रस्तावों के मूल्याँकन, मानीटरन और परियोजनाओं की समीक्षा करने में संबंधित क्षेत्रों से 94 विशेषज्ञों ने टीडीबी की मदद की । विशेषज्ञों की सूची इस रिपोर्ट के साथ नत्थी है । टीडीबी, उनके द्वारा दिए गए योगदान के प्रति अत्यंत आभारी है ।

List of Experts who assisted the PEC and PMC

TDB was helped by 94 experts from the relevant field in evaluating the project proposals, monitoring and reviewing of the projects. The list of experts is appended to this report. TDB gratefully acknowledges the valuable contributions made by them.

आवेदन-पत्रों की सारांश स्थिति

वर्ष 2003-04 के दौरान टीडीबी द्वारा प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या तथा 31 मार्च, 2004 को आवेदन-पत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी नीचे तालिका में दर्शाई गई है :

Summary Status of Applications

The information regarding the number of applications received by TDB during 2003-04 and the status of applications as on 31st March 2004 are indicated in the table given below:

प्राप्त आवेदन-पत्रों की सारांश स्थिति

Summary Status of Applications Received in (2003-2004)

(करोड़ रुपए) (Rupees in crore)

स्थिति Status	संख्या Number	अनुमानित कुल लागत Estimated Total cost	टीडीबी से मांगी गई सहायता Assistance sought from TDB
प्राप्त आवेदन-पत्र Applications received	55	605.65	185.76
31.3.2004 को बंद कर दिए गए Closed as on 31-3-2004	29	178.23	78.17
शेष Balance	26	427.42	107.59
2003-04 के दौरान हस्ताक्षरित समझौते Agreements signed in 2003-04	11	75.62	33.74
31.3.2004 को शेष Balance as on 31-3-2004	15	351.80	73.85
पीईसी को भेजे गए अथवा पीईसी के बाद जांचे गए Referred to PEC or processed after PEC	10	202.73	45.91
प्रारंभिक जांच के तहत आवेदन-पत्र Applications under initial screening	5	149.07	27.94

प्रारंभिक जाँच के तहत 5 आवेदन-पत्रों के संबंध में आवेदनकर्ताओं से और अधिक विवरण की प्रतीक्षा है ।

More details were awaited from the applicants in respect of 5 applications under initial screening.

सक्रियोन्मुखी भूमिका
Pro-Active Role

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), औद्योगिक इकाइयों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त आवेदन-पत्रों की जांच-पड़ताल करने के अलावा, सक्रिय भूमिका निभाता है । विचार यह है कि प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यिकरण के लिए टीडीबी की सहायता अनूठी होनी चाहिए। यह टीडीबी के 'दृष्टि-पत्र दस्तावेज' का केन्द्र बिन्दु है, जिसे बोर्ड द्वारा अगस्त, 1998 में अनुमोदित किया गया था ।

सक्रिय भूमिका के अंतर्गत बोर्ड के गठन से अनुमोदित परियोजनाओं/स्कीमों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

- आयशर मोटर्स लि0, पीतमपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा भारी वाणिज्यिक वाहन का डिजाइन और विकास ।
- निक्को कोरपोरेशन लि0, कोलकाता द्वारा इलेक्ट्रान-बीम इराडिएशन टेक्नोलाजी का उपयोग करते हुए परस्पर जुड़े केबल ।
- सीएसआईआर के एक संघटक यूनिट नेशनल एरोस्पेस लेबोरेटरीज, बंगलौर द्वारा बहु-भूमिका वाला हल्का परिवहन वायुयान (सारस) ।
- रविन्द्रनाथ जीई मेडिकल एसोसिएट्स प्राइवेट लि0, हैदराबाद द्वारा अंग प्रत्यारोपण सुविधा ।

The Technology Development Board takes a pro-active role besides responding to the applications received from industrial concerns and other agencies. The idea is that TDB's support for technology development and commercialisation should be unique. This has been the thrust of TDB's 'Vision Document' approved by the Board in August 1998.

The projects/schemes, under the pro-active role, approved from the constitution of the Board, include the following:

- Design and development of Heavy Commercial Vehicle by Eicher Motors Limited, Pithampur (Madhya Pradesh)
- Cross-linked cables using electron-beam irradiation technology by Nicco Corporation Limited, Kolkata
- Multi-role Light Transport Aircraft (SARAS) by National Aerospace Laboratories Bangalore, a constituent unit of CSIR
- Organ Transplantation Facility by Ravindranath GE Medical Associates Private Limited, Hyderabad

- यूटीआई उद्यम निधि प्रबंध कंपनी लि0 बंगलौर द्वारा प्रबंधित इंडिया टेक्नोलाजी वेंचर कैपिटल यूनिट स्कीम ।
- सेल्को इंटरनेशनल लि0, हैदराबाद और श्रीराम एनर्जी सिस्टम्स लि0, हैदराबाद द्वारा म्युनिसिपल ठोस अपशिष्ट से विद्युत का उत्पादन ।

प्रोफेसर पी.रामा राव की अध्यक्षता वाली टीडीबी संबंधी समीक्षा समिति ने टीडीबी की सक्रियोन्मुखी भूमिका की जाँच की थी और अपनी रिपोर्ट के पैराग्राफ 5.5 में निम्नलिखित सिफारिशें की थीं :-

टीडीबी के लिए भावी निर्देश

"वर्तमान मूल्यांकन में, देश की नूतनता पद्धति में टीडीबी का अनूठा स्थान और इसकी कम लागत वाली निधियों की व्यवहार्यता स्पष्टतः उभर कर सामने आई है । समीक्षा समिति का विचार है कि नए प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमों के क्षेत्र में एक वर्धित योगदान देने में अपनी भूमिका निभाने के लिए टीडीबी के लिए अपनी सहायता पद्धति को सुदृढ़ करने की जरूरत है। देश में ऐसी स्थिति है कि वर्तमान में हमारी नजर में ऐसा कोई वित्तीय संस्थान नहीं है । जिसके पास तकनीकी दक्षता हो जिसमें टीडीबी अपनी पकड़ मजबूत करने के

- India Technology Venture Capital Unit Scheme managed by UTI Venture Funds Management Company Limited, Bangalore.
- Generation of Power from Municipal Solid Waste by Selco International Limited, Hyderabad and Shriram Energy Systems Limited, Hyderabad,

The Review Committee on TDB, chaired by Professor P. Rama Rao, had examined the Pro-active Role of TDB and had made the following recommendation in Paragraph 5.5 of its report:

Future Directions for TDB

"In the present appraisal, TDB's unique place in the country's innovation system and the efficacy of its low cost funds have unequivocally emerged. The Review Committee foresees a need for augmentation of the support systems for TDB to realize its promise for an enhanced contribution in the area of new technology based ventures. The situation in the country is such that, as of now, we do not see a financial institution that muster the technical acumen that TDB is inherently endowed

लिए सक्षम है, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग की एक शाखा होने के लिए यह धन्यवाद का पात्र है, न ही देश में निधियन का कोई ऐसा तंत्र विकसित हुआ है जो टीडीबी द्वारा अपने उद्यमियों को प्रदान किए जाने वाले तंत्र के तुलनीय कम लागत पर निधियाँ उपलब्ध करा सके । निधि की लागत के अलावा, प्रौद्योगिकी आधारित नए उद्यमों को वित्तीय सहायता सुलभ कराने में अन्य चुनौतियाँ का सामना करना पड़ता है । इन चुनौतियों के अंतर्गत वित्तीय संस्थानों द्वारा उनकी प्रौद्योगिकी की समुचित रूप से समझ का अभाव, सहवर्ती व अन्य प्रत्यक्ष परिसंपत्तियों का अभाव और प्रौद्योगिकी वाणिज्यिकरण हेतु अपेक्षाकृत लम्बी परिपक्वता अवधि शामिल है । टीडीबी के कामकाज की विधि तथा जिस तत्परता से इसने वित्तीय मंजूरियों की छानबीन करने में संगत कारकों के उद्यमी विचारों को प्रस्तुत किया है, उसने एक नई घटना को ताजा बना दिया है ।

अब जबकि टीडीबी की पद्धति परिपक्व हो गई है, टीडीबी अग्रणी प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नए उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए एक सक्रिय ढंग से तथा एक मिशन-उन्मुख विधि से कार्य करके टीडीबी दृष्टि-पत्र दस्तावेज में इसे सौंपी गई भूमिका को पूरा करने में भविष्य की ओर निहार रहा है । समीक्षा समिति की इच्छा अतिरिक्त साधन सुझाने की

to capture, thanks to it being an arm of the Department of Science and Technology, nor has the country thrown up a funding mechanism that can provide low cost funds comparable to what TDB has offered to its entrepreneurs. In addition to the cost of funds, technology based new ventures face other challenges in accessing financial support. These challenges have often to do with lack of proper appreciation of their technology on the part of the financial institutions, the absence of collateral or other tangible assets and the relatively long gestation periods for technology commercialization. TDB's mode of operation and the readiness with which it has brought to bear diligent consideration of the relevant factors in processing financial sanctions has been a refreshing new development.

Now that TDB mechanism has matured, TDB is looking forward to fulfilling the part mandated to it in the TDB vision document by acting in a proactive fashion and in a mission-oriented mode to encourage new ventures in frontier technology areas. The Review Committee desires to suggest additional

है जिनके जरिए टीडीबी की अभी तक प्राप्त शक्ति का उपयोगी ढंग से उपयोग किया जा सके । इस संदर्भ में तथ्य यह है कि टीडीबी, डीएसटी के साथ होने का अर्थ स्थिति संभावनाओं से परिपूर्ण है ।

डीएसटी प्रत्येक वर्ष आबंटनों में बढ़ोत्तरी करके व्यापक क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहित कर रहा है । 90वीं विज्ञान कांग्रेस में घोषित विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नीति, 2003 में यह उल्लेख किया गया था कि आर. एंड डी. में निवेश का स्तर बढाकर जीएनपी के 2 प्रतिशत तक किया जाएगा । इसके अलावा, नीति अन्य बातों के अलावा निम्नलिखितों की ओर निर्देशित है : (क) 'अनुसंधान तथा नूतनता को प्रोत्साहित करना', (ख) 'विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में प्राइवेट और सार्वजनिक संस्थानों के बीच घनिष्ठ तथा उत्पादक विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना', और (ग) प्रौद्योगिकी विकास मूल्याँकन, खपत तथा संकल्पना से उपयोग तक स्तरोन्नयन से संबंधित समर्थनकारी तंत्र को पर्याप्त रूप से सुदृढ़ करना ।

समिति, डीएसटी दृष्टिकोणों के , जिसने आर एंड डी के संकल्पना स्तर पर भी काफी अच्छा कार्य किया है और टीडीबी प्रक्रिया के अभिसरण के माध्यम से, जिसने वाणिज्यिकरण (अथवा आर. एंड डी. के उपयोग) स्तर पर सफलता प्रदर्शित की है, एक समृद्ध भविष्य

means by which the TDB's acquired strengths can be usefully exploited. In this context the fact that TDB is with the DST implies a situation pregnant with possibilities.

DST has been promoting research in a wide spectrum of fields with allocations increasing from year to year. The Science and Technology Policy 2003 announced at the 90th Science Congress has indicated that the level of investment in R&D will be raised to 2 per cent GNP. Furthermore, the policy is directed, interalia; to (a) "encourage research and innovation" (b) "promote close and productive interaction between private and public institutions in science and technology" and (c) to substantially strengthen enabling mechanisms that relate to technology development, evaluation, absorption and upgradation from concept to utilization.

The Committee visualizes a promising future through convergence of the DST approaches which have done so well at the concept stage of R&D and the TDB methodology which has displayed success at commercialization (or

की परिकल्पना करती है ।

उन क्षेत्रकों में जो वाणिज्यिकृत उत्पादों के उत्पादन के प्रति संभावनाओं से पूर्ण हैं, डीएसटी तथा टीडीबी अपने-अपने संकार्यों को भली-भाँति पूरक बना सकते हैं । डीएसटी, औषधियों और औषध निर्माण तथा यंत्र विकास के क्षेत्रों में वित्त पोषण के अपने कार्यक्रम चला रहा है । समीक्षा समिति ने देश में कमी वाले क्षेत्रों का उदाहरण दिया है जैसे कि डिजिटल यंत्र तथा हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और नव-यंत्रों से सम्बद्ध नमूने प्रस्तुत किए हैं जिनमें भी आर. एंड डी. तथा वाणिज्यिकरण को समवर्ती रूप से प्रोत्साहित किया जा सकता है। समीक्षा समिति इस बात की दृढ़ता से सिफारिश करती है कि डीएसटी तथा टीडीबी द्वारा संयुक्त कार्रवाई हेतु एक नए तंत्र का विकास किया जाए जिससे कि अनुसंधान, विकास और वाणिज्यिकरण के बीच तीव्र संबंध प्राप्त किया जा सके । ऐसे संयुक्त दल द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर टीडीबी अपनी कार्यनीति का विस्तार करने में समर्थ हो सकता है ताकि अन्य वैज्ञानिक विभागों द्वारा आयोजित कार्यकलापों को कवर किया जा सके ।"

बोर्ड ने 17 दिसम्बर, 2003 को आयोजित अपनी 27वीं बैठक में सिफारिश को नोट किया ।

utilization of R&D).

In sectors which are potentially geared to generate commercialisable products, DST and TDB could very well complement their respective functions. DST has ongoing programmes for its funding in the areas of drugs and pharmaceuticals and instrument development. The Review Committee has mentioned examples of gap areas in the country such as digital devices and has provided examples of those related to hydrogen economy and nanodevices where also R&D and commercialization can be concurrently promoted. The Review Committee strongly recommends that a new mechanism should be evolved for joint action by DST and TDB in order to achieve a rapid connection between research, development and commercialization. Based on the experience gained by such a joint effort, TDB may be able to extend this strategy to cover activities undertaken by other scientific departments."

The Board took note of the recommendation in its 27th meeting held on 17th December 2003.

प्रोत्साहन क्रियाकलाप
Promotional Activities

राष्ट्रीय पुरस्कार

बोर्ड ने किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा 'स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार' शुरू किया था । यह राष्ट्रीय पुरस्कार निम्नलिखित को प्रदान किया जाता है (1) ऐसा औद्योगिक प्रतिष्ठान जिसने स्वदेशी प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण किया हो, और (2) ऐसी प्रौद्योगिकी को विकसित/प्रदान करने वाले को । प्रत्येक पुरस्कार विजेता को पाँच लाख रुपए का नकद पुरस्कार और एक शील्ड प्रदान की जाती है । 10 लाख रुपए के पुरस्कार को आयकर से छूट प्राप्त है । सर्वप्रथम यह राष्ट्रीय पुरस्कार 11 मई, 1999 को प्रौद्योगिकी दिवस पर प्रदान किया गया था ।

National Awards

The Board instituted a 'National Award for successful commercialisation of indigenous technology' by an industrial concern. The national award is presented (i) to an industrial concern that has successfully commercialised the indigenous technology and (ii) to the developer/provider of such technology. The awardee gets a cash award of five lakh rupees each with a shield. The award of Rs. 10 lakhs is exempt from Income Tax. The National Award was given for the first time on the occasion of the Technology Day on 11th May 1999.

लघु उद्योग यूनिट हेतु पुरस्कार

टी.डी.बी. ने अगस्त, 2000 में मई, 2001 से लागू दो लाख रुपए का नकद पुरस्कार ऐसे लघु उद्योग (एस.एस.आई.) यूनिट के लिये शुरू किया जिसने प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद का सफल वाणिज्यीकरण कर लिया है।

Award for SSI unit

In August 2000, TDB introduced, from May 2001, a cash award of Rs. 2 lakhs to a SSI unit that has successfully commercialised a technology-based product.

प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई, 2003 को प्रदान किये गये पुरस्कार

ऐसे प्रौद्योगिकी प्रतिष्ठान, जिन्होंने अप्रैल, 1998 के बाद स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण कर लिया था, प्रौद्योगिकी दिवस, 11 मई, 2003 को प्रदान किए जाने पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के पात्र थे । विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में टी.डी.बी. को 114 आवेदन पत्र प्राप्त हुए - 99 आवेदन पत्र 10 लाख रुपए के पुरस्कार के लिए थे और 72 आवेदन पत्र 2 लाख रुपए के पुरस्कार के लिये थे । कुछेक आवेदन-पत्र दोनों के लिए आवेदन करने के संबंध में भी थे ।

राष्ट्रीय पुरस्कार 2003 के लिए चयन समिति डॉ0 के. कस्तूरीरंगन, सचिव, अंतरिक्ष विभाग एवं अध्यक्ष 'इसरो' की अध्यक्षता में गठित की गई और प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार, भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर, डॉ0 राकेश जयाल, सी.ई.ओ., लोहिया मशीन टूल्स लि0 और श्री सुरेश चन्द्र, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त, लघु उद्योग विभाग, भारत सरकार इसके सदस्यों के रूप में शामिल थे ।

Awards on Technology Day, 11th May 2003

The industrial concerns that have commercialised indigenous technologies after April 1998 were eligible to apply for the awards to be presented on Technology Day, 11th May 2003. In response to the advertisements, TDB received 114 applications - 99 applications for the award of Rs. 10 lakhs and 72 applications for the award of Rs. 2 lakhs. There were common applicants.

The Selection Committee, constituted for the National Award 2003, consisted of Dr. K. Kasturirangan, Secretary Department of Space and Chairman, ISRO, as Chairman, Professor Rajendra Kumar, Indian Institute of Science, Bangalore, Dr. Rakesh Jayal, CEO, Lohia Machine Tools Limited, and Shri Suresh Chandra, Additional Secretary and Development Commissioner, Department of Small Scale Industries, Government of India, as Members.

चयन समिति ने 10 लाख रुपए के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु मै0 शांता बायोटेक्निक्स प्राइवेट लि0, हैदराबाद की सिफारिश की । यह पुरस्कार कंपनी के आंतरिक अनुसंधान एवं विकास द्वारा रिकंबीनेंट इंटरफेरन अल्फा-2बी के विकास तथा कंपनी द्वारा विनिर्माण एवं वाणिज्यिकरण के लिए है । भारत में 2001 में एक पेटेंट स्वीकृत किया गया । पी.सी.टी. के माध्यम से एक अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदन दाखिल किया गया और 2002 में दावों को स्वीकार कर लिया गया । स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित इंटरफेरन अल्फा उत्पादन करने वाली भारत में यह पहली कंपनी है । इसी क्वालिटी के आयातित इंटरफेरन की लागत की तुलना में 1/3 लागत पर इंटरफेरन उपलब्ध कराने में यह कंपनी सफल रही है । इस प्रकार इसे भारत तथा अन्य विकासशील देशों में अधिकांश रोगी खरीद सकते हैं और जिसके द्वारा अनेक व्यक्तियों के जीवन को बचाया जा सकता है ।

चयन समिति ने इस वर्ष 2 लाख रुपए के नकद पुरस्कार के लिए किसी एस.एस.आई. यूनिट की सिफारिश नहीं की।

The Selection Committee recommended M/s Shantha Biotechnics Private Limited, Hyderabad, for the National Award of Rs. 10 lakhs. The award is for the development of recombinant Interferon Alpha-2b by its in-house R&D and manufacture and commercialization by the company. A patent was granted in India in 2001. An international patent application was filed through the PCT and the claims were accepted in 2002. This is the first company in India to produce Interferon Alpha based on indigenous technology. The company has been able to make available interferon at 1/3rd of the cost of the imported interferon of similar quality. Thus it is affordable to most patients in India as well as other developing countries thereby saving many lives.

The Selection Committee did not recommend any SSI unit for the cash award of Rs. 2 lakhs this year.

राष्ट्रीय पुरस्कार, 2003 के लिए पुरस्कार विजेता की सिफारिश करने हेतु यह बोर्ड चयन समिति के सदस्यों का आभार प्रकट करता है ।

बोर्ड जाँच समिति के सदस्यों श्री वी. राव अय्यागिरी, वैज्ञानिक-जी, (सदस्य एवं समन्वयकर्ता), डॉ0 बी. हरिगोपाल, वैज्ञानिक-जी, डॉ0 जगदीश सिंह, वैज्ञानिक-जी, डॉ0 पद्मनाभम, वैज्ञानिक-जी, श्री एस. चैटर्जी, वैज्ञानिक-एफ, और श्री एस.बी. कृष्णन, पूर्व सचिव, टीडीबी का भी आवेदन-पत्रों की जाँच एवं चयन समिति की सहायता के लिए धन्यवाद करता है ।

The Board expresses its grateful appreciation to the members of the Selection Committee for recommending the award winner for the National Award 2003.

The Board is also thankful to the Screening Committee consisting of Shri V. Rao Aiyagiri, Scientist-G (Member and Co-ordinator), Dr. B. Hari Gopal, Scientist-G, Dr. Jagdish Singh, Scientist-G, Dr. G. Padmanabham, Scientist-G, Shri S. Chatterjee, Scientist-F, and Shri S.B. Krishnan, Former Secretary, TDB for screening the applications and assisting the Selection Committee.



विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री बच्ची सिंह रावत 11 मई, 2003 को प्रौद्योगिकी दिवस पर टीडीबी की पुस्तिका का विमोचन करते हुए
Shri Bachi Singh Rawat, Minister of State for Science and Technology, releasing the brochure on TDB on the occasion of the Technology day, 11th may 2003.

प्रौद्योगिकी दिवस, 11 मई, 2003

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने 11 मई, 2003 को प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भाग लिया । अपने अनुसंधान एवं विकास यूनिट द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित इंटरफेरन अल्फा-2बी के विकास एवं उत्पादन के वाणिज्यीकरण में मै0 शांता बायोटेक्निक्स प्राइवेट लि0, हैदराबाद की सफलता को मान्यता देते हुए इस अवसर पर भारत के उप-राष्ट्रपति श्री भैरों सिंह शेखावत ने उसे 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान की ।

इस अवसर पर टीडीबी द्वारा वित्तीय रूप से सहायित परियोजनाओं और टीडीबी की सहायता से वाणिज्यिक उपक्रमों द्वारा निर्मित उत्पादों को दर्शाने वाले पोस्टरों की एक प्रदर्शनी टीडीबी द्वारा आयोजित की गई ।

Technology Day, 11th May 2003

The Technology Development Board participated in the celebrations at New Delhi on the occasion of the Technology Day, the 11th May 2003. On this occasion, Shri Bhairon Singh Shekhawat, Vice President of India, presented the cash award of Rs. 10 lakhs and a shield to M/s Shantha Biotechnics Private Limited, Hyderabad, in recognition of their success in commercializing the development and production of Interferon Alpha-2b, based on indigenous technology developed by its R&D unit.

On this occasion, TDB organized an exhibition consisting of posters depicting projects financially assisted by TDB and products brought out by commercial enterprises with TDB's assistance. TDB also brought out a brochure and pamphlets on this occasion.

श्री बच्ची सिंह रावत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने टीडीबी की वित्तीय सहायता से विनिर्मित निम्नलिखित चार उत्पादों को शुरू किया -

- चाय की गुणवत्ता में सुधार के लिए साउदर्न-पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि0, चेन्नई द्वारा तनाशे एंजाइम फार्मूलेशन्स ।
- व्हाइट सर्किल आक्साइड्स लि0, हैदराबाद द्वारा रेफ्रेक्टरीज के लिए सिनथेटिक मैग्नीशियम अल्यूमिनेट स्पाइनल।
- फिल्ट्रा केटेलिस्ट्स एंड कैमिकल्स लि0, थाणे द्वारा कीटनाशकों, भेषजों, रेजिन्स आदि के लिए क्रेसोल्स और जिलेनोल्स जैसे विशेष रसायन, और
- क्लच आटो लि0, नई दिल्ली द्वारा आटोमोबाइल और ट्रैक्टर्स के लिए सेरामिक क्लच।

Shri Bachi Singh Rawat, Minister of State for Science and Technology, launched four products, manufactured with financial assistance from TDB. These were

- Tannase Enzyme formulations for improving the quality of tea by Southern Petrochemical Industries Corporation Limited, Chennai;
- Synthetic Magnesium Aluminate Spinel for refractories by White Circle Oxides Limited, Hyderabad:
- Cresols and Xylenols, speciality chemicals for pesticides, pharmaceuticals, resins, etc., by Filtra Catalysts and Chemicals Limited, Thane; and
- Ceramic Clutches for automobiles and tractors by Clutch Auto Limited, New Delhi.

उद्योग के साथ आपसी विचार-विमर्श बैठकें

टीडीबी उद्योग, संघों अनुसंधान एवं विकास संगठनों आदि के माध्यम से उद्योग, संभावित उद्यमियों ओर प्रौद्योगिकी प्रदायकों के साथ अनेक पारस्परिक विचार-विमर्श बैठकों का आयोजन करता है । टीडीबी विभिन्न प्रदर्शनियों में भी भाग लेता है ।

इन बहुविषयात्मक मंचों के माध्यम से टीडीबी का लक्ष्य उद्योगों, आर. एंड डी. संगठनों, शैक्षिक संस्थानों, उद्योग में आंतरिक आर. एंड डी. इकाइयों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों आदि में, विशेष रूप से स्वदेश में विकसित प्रौद्योगिकियों के लिए उनके वाणिज्यिक प्रयासों के लिए आसान शर्तों पर वित्तीय सहायता की उपलब्धता पर जागरूकता फैलाना है। संभावी निवेशकों को प्रौद्योगिकीय और नूतन परियोजनाएँ प्रस्तुत की गई ।

ये बैठकें सितम्बर, 1996 और मई, 2003 के बीच अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयम्बटूर, देहरादून, दिल्ली, गंगटोक, हैदराबाद, इम्फाल, इंदौर, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता,

Interactive Meetings with Industry

TDB organises a series of interactive meetings with industry, potential entrepreneurs and technology providers through the industry associations, R&D organizations, etc. TDB also participates in various exhibitions.

Through these multifunctional platforms, TDB aims at creating an awareness amongst the industries, R&D organisations, academic institutions, in-house R&D units in the industry, Scientific and Industrial Research Organisations, etc., on the availability of financial assistance on soft terms for their commercialisation efforts especially for indigenously developed technologies. Potential investors were presented with technological and innovative projects.

Such meetings have been held at Ahmedabad, Bangalore, Bhopal, Bhubaneswar, Bikaner, Chandigarh, Chennai, Coimbatore, Dehradun, Delhi, Gangtok, Hyderabad, Imphal, Indore, Jaipur, Jammu, Kanpur, Kolkata, Lucknow, Ludhiana, Madurai, Mumbai,

लखनऊ, लुधियाना, मदुरई, मुम्बई, मैसूर, पुणे, राजामुंदरी, राजापालायम, राजकोट, शिमला, तिरुचिरापल्ली, उदयपुर, वापी, विजयवाड़ा में की गई ।

टीडीबी द्वारा अभी तक हस्ताक्षरित राज्यवार समझौतों का विश्लेषण यह बताता है कि अब तक शामिल न किए गए राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों में संयंत्रों की स्थापना तथा स्वदेशी प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए वाणिज्यिक उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है ।

टीडीबी की समीक्षा समिति ने सिफारिश की है कि टीडीबी द्वारा वित्तीय रूप से सहायता प्राप्त सफल उद्यमियों को ऐसी पारस्परिक विचार-विमर्श बैठकों में शामिल किया जा सकता है । टीडीबी की समीक्षा समिति ने यह भी सिफारिश की कि नियमित रूप से रोड शो आयोजित किए जाने चाहिए और एक योजनाबद्ध तरीके से, वाणिज्य चैम्बरों, व्यापार एसोसिएशनों एवं संस्थानों के निकट समन्वय से किए जाने चाहिए और ये पूरे देश में किए जाने चाहिए ।

टीडीबी के अधिकारियों ने वर्ष 2003-2004 के दौरान आयोजित उद्योग तथा संस्थानों के साथ आपसी विचार-विमर्श बैठकों में भाग लिया, जिनका उल्लेख नीचे किया गया है :-

Mysore, Pune, Rajahmundry, Rajapalayam, Rajkot, Shimla, Tiruchirappalli, Udaipur, Vapi, Vijayawada between September 1996 and May 2003.

An analysis of the State-wise distribution of agreements signed so far by TDB indicates that more efforts are needed to encourage commercial enterprises to adopt indigenous technologies and set up plants in other States and Union Territories that have not been covered so far.

The Review Committee on TDB has recommended that successful entrepreneurs, assisted financially by TDB, may be associated in such interactive meetings. The Review Committee on TDB has also recommended that road shows should be organised regularly and in a planned manner in close co-ordination with chambers of commerce, trade associations and institutions and it should be spread all over the country.

TDB officers participated in interaction meetings held with industry and institutions during 2003-04. These are listed below.

भोपाल

श्री एम.एल. गुप्ता, वैज्ञानिक-जी, ने डी.एन.टी. के एस.ई.बी. प्रभाग द्वारा 26-27 मई, 2003 को भोपाल में आयोजित 'सी.एस.आई.आर. प्रयोगशाला वैज्ञानिकों और उद्यमिता संवर्धक संस्थाओं की पारस्परिक विचार-विमर्श कार्यशाला' में भाग लिया । श्री एम.एल. गुप्ता ने टीडीबी के क्रियाकलापों पर एक प्रस्तुतीकरण दिया । कार्यशाला में उपस्थित टीडीबी के सदस्य प्रोफेसर (डॉ0) के.आई. वासु ने टीडीबी से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया । इस कार्यशाला में 17 सी.एस.आई.आर. प्रयोगशाला वैज्ञानिकों और संपूर्ण भारत से लगभग 70 उद्यमिता संवर्धक संस्थाओं ने भाग किया । कार्यशाला में लगभग 150 व्यक्तियों ने भाग लिया।

Bhopal

Shri M.L. Gupta, Scientist-G, attended the 'Interaction Workshop of CSIR Labs Scientists and Entrepreneurship promoting Institutions' organized by NEB division of DST at Bhopal on 26-27th May 2003. Shri M.L. Gupta made a presentation on the activities of TDB. Professor (Dr.) K.I. Vasu, Member, TDB, who was present in the workshop, replied to queries on TDB. The workshop was attended by 17 CSIR lab scientists and about 70 entrepreneurship promoting institutions from all over India. About 150 persons participated in the workshop.

नई दिल्ली

उद्योग - संस्थान की भागीदारी को बढ़ावा देने और उसे सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई.) ने 16-17 सितम्बर, 2003 को नई दिल्ली में द्वितीय सी.आई.आई. - आई.सी.आई..सी.आई. - उद्योग - संस्थान नेटवर्किंग फोरम - 2003 का आयोजन किया । इस कार्यक्रम का विषय था : देश में प्रौद्योगिकी उद्यमों के लिए एक

New Delhi

With an objective of promoting and strengthening Industry-Institute Partnerships, Confederation of Indian Industry (CII) organized Second CII - ICICI- Industry Institute Networking Forum 2003 at New Delhi on 16-17 September 2003. The theme of the event was 'Creating Successful Techno-ventures' to highlight the role of

समर्थ पर्यावरण तैयार करने में उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संस्थान तथा प्रौद्योगिकी वित्त प्रदायकों की भूमिका को प्रकाश में लाने के लिए 'सफल प्रौद्योगिकी - उद्यमों का सृजन करना' । डॉ0 आर.ए. मशेलकर, महानिदेशक, सी.एस.आई.आर. ने उद्घाटन भाषण दिया । श्री अमिताभ पांडे और श्री एस.बी. कृष्णन ने 16 सितम्बर, 2003 को पैनल परिचर्चा में भाग लिया । श्री अमिताभ पांडे ने 17 सितम्बर, 2003 को 'प्रौद्योगिकी वित्त पोषण : उद्यमी के सपने बनाम निवेशक की आशाएँ' नामक सत्र की अध्यक्षता की । डॉ0 ए.के. सूद इस सत्र के वक्ताओं में से एक थे ।

Industry, R&D Institute and Technology Financiers in creating an enabling environment for techno-ventures in the country. Dr. R.A. Mashelkar, DG CSIR, gave the inaugural address. Shri Amitabha Pande and Shri S.B. Krishnan participated in the panel discussion on16th September 2003. Shri Amitabha Pande chaired a session on Technology Financing : Entrepreneur Dreams vs. Investors Expectations on 17th September 2003. Dr. A.K. Sood was one of the speakers in this session.

दूरदर्शन पर प्रसारण

विज्ञान लोक सीरीज के अंतर्गत दूरदर्शन (डीडी-1) मैट्रो चैनल पर प्रत्येक 30 मिनट की अवधि के पांच एपीसोड प्रसारित किए गए, जिनमें टीडीबी के कार्य-निष्पादन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया । यह सी.डी. पर भी उपलब्ध है और भविष्य में इसका उपयोग प्रचार सामग्री के रूप में किया जाएगा ।

Telecast on Door Darshan

Five episodes of 30 minutes duration each were telecast on Door Darshan (DD1 Metro Channel under the Vigyan Lok series), highlighting various aspects of TDB's performance. This is available on CDs and will be used as publicity material in future.

नई दिल्ली में प्रदर्शनी

टीडीबी ने 11 मई, 2003 को प्रौद्योगिकी दिवस मनाने के लिए अशोक होटल, नई दिल्ली में आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग लिया । श्री बच्ची सिंह रावत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया ।

अल्मोड़ा में प्रदर्शनी

22 से 27 मई, 2003 को स्यालदे, अल्मोड़ा (उत्तरांचल) में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में टीडीबी ने भाग लिया जिसमें समाज के कल्याण में टीडीबी के योगदान पर प्रकाश डाला गया था ।

देहरादून में प्रदर्शनी

पैसिफिक सेंटर सोसायटी ने उत्तरांचल सरकार और कुमाऊँ गढ़वाल चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से 23 से 30 सितम्बर, 2003 के दौरान उत्तरांचल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला - 2003 का देहरादून में आयोजन किया । टीडीबी ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। श्री ए.एस. खाती ने टीडीबी का प्रतिनिधित्व किया ।

Exhibition at New Delhi

TDB participated in an exhibition organized at Hotel Ashok, New Delhi, to celebrate the Technology Day on 11th May 2003. Shri Bachi Singh Rawat, Minister of State for Science and Technology, inaugurated the exhibition.

Exhibition at Almora

Contribution of TDB in the welfare of society was highlighted in Science and Technology exhibition participated by TDB at Syalde, Almora (Uttaranchal) from 22nd to 27th May 2003.

Exhibition at Dehradun

Pacific Centre Society, in association with the Government of Uttaranchal and Kumaun Gharwal Chamber of Commerce and Industry, organized Uttaranchal International Trade Fair 2003 at Dehradun during 23rd to 30th September 2003. TDB participated in this exhibition. Shri A.S. Khati represented TDB.

हैदराबाद में प्रदर्शनी

भारतीय उद्योग परिसंघ, नई दिल्ली ने 13-17 अक्तूबर, 2003 को हैदराबाद में नवें प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन एवं प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म का आयोजन किया । डीएसटी भी इसके प्रायोजकों में से था । शिखर सम्मेलन का विषय प्रौद्योगिकी, नूतनता एवं आई.पी.आर. था । टीडीबी ने प्रदर्शनी में दो बूथ लगाए । डॉ0 ए.के. सूद, वैज्ञानिक-जी, ने टीडीबी की ओर से समन्वय कार्य किया ।

नई दिल्ली में प्रदर्शनी

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 10 से 13 नवम्बर, 2003 के दौरान अशोक होटल, नई दिल्ली में जलवायु परिवर्तन प्रौद्योगिकी बाजार और एक सम्मेलन आयोजित किया । टीडीबी ने सेल्को इंटरनेशनल, ओमेगो इकोटैक और रेवा इलैक्ट्रिक कार जैसे उद्योगों को, जो पर्यावरण के अनुकूल पहल कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं, मंच प्रदान किया ।

चंडीगढ़ में प्रदर्शनी

चंडीगढ़ में 3 से 7 जनवरी, 2004 तक भारतीय विज्ञान कांग्रेस प्रदर्शनी (भारत का गौरव) आयोजित की गई । टीडीबी ने प्रदर्शनी में भाग लिया और अपने स्टाल लगाए तथा इसकी स्थापित से लेकर अब तक टीडीबी की

Exhibition at Hyderabad

The Confederation of Indian Industry, New Delhi, organised the Ninth Technology Summit & Technology Platform in Hyderabad on 13-17th October 2003 at Hyderabad. DST was one of the sponsors. The theme of the summit was Technology, Innovation and IPR. TDB took two booths in the exhibition. Dr.A.K.Sood, Scientist-G, coordinated on behalf of TDB.

Exhibition at New Delhi

The Ministry of Environment and Forests organised Climate Change Technology Bazar and a conference at Ashoka Hotel, New Delhi, during 10-13th November 2003. TDB provided platform to industries like Selco International, Omego Ecotech and Reva Electric Car, known for environment friendly initiatives.

Exhibition at Chandigarh

Indian Science Congress exhibition (Pride of India) was held at Chandigarh from 3rd to 7th January 2004. TDB participated in the exhibition and put up its stall and displayed panels/posters

उपलब्धियों को दर्शाते हुए पैनल/पोस्टरों का प्रदर्शन किया । दर्शकों को मार्ग-निर्देशिकाएँ एवं पुस्तिकाएँ वितरित की गई । इससे वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ परस्पर संपर्क करने का अवसर प्राप्त हुआ ।

उत्तरायणी मेला, बरेली

14 और 15 जनवरी, 2004 को बारे में उत्तरायणी मेला आयोजित किया गया । टीडीबी ने अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए पैनलों का प्रदर्शन किया ।

पिथौरागढ़ में प्रदर्शनी

उत्तरांचल के लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भावना संप्रेषित करने के लिए एक प्रदर्शनी आयोजित की गई । टीडीबी ने 18 और 19 मार्च, 2004 को पिथौरागढ़ में आयोजित इस प्रदर्शनी में भाग लिया ।

अल्मोड़ा में प्रदर्शनी

टीडीबी ने 22 और 23 मार्च, 2004 को अल्मोड़ा में आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया और पैनल्स/पोस्टर्स प्रदर्शित किए और दर्शकों के बीच जागृति उत्पन्न करने के लिए परियोजना - निधि पोषण मार्गनिर्देशों और अन्य प्रकाशनों की प्रतियों का वितरण किया।

highlighting the achievements of TDB since its inception. Guidelines and booklets were distributed to the visitors. This gave an opportunity to interact with scientists, academia and industry representatives.

Uttarayani Mela, Bareilly

